सफलता | बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने एक कदम और आगे बढ़ाया

# बाघिन का रेस्क्यू कर राजस्थान किया गया रवाना





**चिल्हारी नवभारत 27 फरवरी।** शुक्रवार को उप संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व उमरिया के प्रबंधन टीम द्वारा बीट जगुआ, परिक्षेत्र पनपथा बफर से लगभग 3.5 वर्ष आयु की एक बाघिन को वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी की टीम द्वारा ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

इसके उपरांत रेस्क्यू विशेषज्ञ वन्य जीव स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सकों द्वारा बाघिन का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान बाघिन पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित रूप से रेडियो कॉलर पहनाया गया तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक जैविक सैंपल भी संकलित किए गए।

### सुरक्षा मानकों का किया गया पालन

उक्त बाघिन को वन्यजीव संरक्षण एवं प्रबंधन की दृष्टि से राजस्थान के मुकुंदरा टाइगर रिज़र्व भेजा जाना निर्धारित है। निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बाघिन को बांधवगढ़ से सुरक्षित रूप से रवाना कर दिया गया है। निर्धारित किए गए मापदंड के अनुसार कुछ बाघिनों की लगभग एक माह से निगरानी की जा रही थी।

### बाघिन को ट्रांसलोकेशन हेतु सही पाया गया

क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर की अध्यक्षता में, उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में रेस्क्यू दल एवं बीटीआर के समस्त उपवन मंडल अधिकारियों तथा परिक्षेत्र अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गई तथा रेस्क्यू हेतु विस्तृत दिशा निर्देशानुसार एक बाघिन को ट्रांसलोकेशन हेतु सही पाया गया। तय प्रक्रिया अनुसार शुक्रवार को मादा बाघिन का सफल एवं सुरक्षित रेस्क्यू प्रबंधन टीम द्वारा किया गया।

# होली में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की कोर सफारी फुल

कोर एरिया की ताला, मगधी, खितौली जोन सफारी 10 मार्च तक बुक




**चिल्हारी नवभारत 27 फरवरी।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने पुष्टि की कि 10 मार्च तक कोर एरिया की सभी सफारी बुक हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा और सफारी के सुचारू संचालन के लिए प्रबंधन लगातार निगरानी कर रहा है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पर्यटकों के पसंदीदा जगह में से एक है, क्योंकि यहां प्रकृति की अद्भुत वादियां तो देखने को मिलती ही हैं, साथ ही तरह-तरह के वन्य प्राणियों के दर्शन लाभ भी होते हैं। इसके अलावा बांधवगढ़ ही एक ऐसी जगह है, जहां पर सबसे ज्यादा बाघों की संख्या है और यहां बड़ी आसानी से पर्यटकों को बाघों के दीदार हो जाते हैं।

### पर्यटकों का उमड़ा हुजूम

होली पर्व से पहले विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र की जंगल सफारी 10 मार्च तक पूरी तरह बुक हो चुकी है, जिसमें ताला, मगधी और खितौली जोन शामिल हैं। होली के त्यौहार के समय में इन दिनों उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों का हुजूम उमड़ा हुआ है। देश-विदेश से पर्यटक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के घने जंगलों और यहां के वन्य प्राणियों का दीदार करने के लिए पहुंच रहे हैं।

### विदेशी पर्यटक भी पहुंच रहे

प्राकृतिक वातावरण में होली मनाने के लिए देश-विदेश से पर्यटक परिवारों सहित यहां पहुंच रहे हैं। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार, बफर क्षेत्र की सफारी के टिकट भी तेजी से बुक हो रहे हैं। इसके साथ ही, होटल और रिसॉर्ट में भी अधिकांश कमरे अग्रिम बुकिंग में भर चुके हैं, जिससे पर्यटन गतिविधियां अपने चरम पर हैं। क्षेत्र संचालक कोटे के लिए प्रतिदिन 15 से अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

### लोगों के बीच बदल रहा ट्रेंड

पिछले कुछ सालों से देखने को मिल रहा है कि त्योहार की कोई भी छुट्टी हो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ता है. अब लोगों का ट्रेंड बदल रहा है, लोग अपने त्योहारों की छुट्टियों को प्रकृति की वादियों और वन्य प्राणियों के बीच सेलिब्रेट करना चाहते हैं. ये भी वजह है कि ऐसे मौकों पर इन जगहों पर भीड़ देखने को मिलने लगी है.




# 1104 श्रद्धालुओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

परिक्रमावासियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 27 फरवरी।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार मां नर्मदा परिक्रमा वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर निरंतर संचालित किया जा रहा है।

16 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 1104 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां प्रदान की गई हैं। शिविर में परिक्रमावासियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी एवं शुगर की जांच, आवश्यकतानुसार आयुष विभाग द्वारा, आयुर्वेदिक दवाइयां, प्राथमिक उपचार तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जा रहा है, जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**चिकित्सा दलों की नियमित तैनाती की गई**-आयुष विभाग द्वारा संचालित यह अभियान होली अवकाश को छोड़कर 15 मार्च तक जारी रहेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अधिक से अधिक परिक्रमा वासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए चिकित्सा दलों की नियमित तैनाती की गई है। जिला प्रशासन ने परिक्रमा वासियों से अपील की है कि वे शिविर में पहुँचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं का लाभ लें।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस चौकी अमरपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**अमरपुर नवभारत 27 फरवरी।** होली, धुरेड़ी, रंग पंचमी एवं रमजान आदि पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चौकी अमरपुर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामुदाय, व्यापारी एवं अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। जिन्हें पुलिस चौकी प्रभारी अतुल हरदहा द्वारा होली, धुरेड़ी, रंग पंचमी एवं रमजान आदि पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाएं रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने एवं अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की दी समझाइश**- इसके अतिरिक्त डीजे की निर्धारित समय-सीमा, जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था तथा शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी से अपील की गई कि त्यौहारों को आपसी प्रेम, सद्भाव और शांति के साथ मनाएं तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाएं रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की समझाइश दी गई।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष हन्नू सिंह पट्टा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव, जनपद सदस्य क्रांति धुर्वे, राम किशोर ठाकुर, यूसुफ खान, तीरथ मूलचंदानी, गुलाब सिंह ठाकुर, माखन साहू, राम कुमार वनवासी, राम कृष्ण यादव, पुष्पराज तेकाम, साहब लाल पुषाम, मनीष ठाकुर, बलराम राजपूत सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने प्रभारी प्राचार्य अमरजीत को किया सस्पेंड

शबरी माता कन्या परिसर की छात्राओं का प्रदर्शन रंग लाया



**चिल्हारी नवभारत 27 फरवरी।** जिले के मानपुर में बीते दिनों शबरी माता कन्या परिसर की छात्राओं द्वारा सड़क पर उतरकर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। मामले की जांच उपरांत जिले के कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के प्रतिवेदन पर शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने प्रभारी प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया है।

मामले में कमिश्नर शहडोल संभाग ने प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रभारी प्राचार्य अमरजीत द्विवेदी माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री द्विवेदी का मुख्यालय कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### अरनोद कुमार को सौंपा गया प्रभार

कमिश्नर व्दारा अमरजीत व्दिवेदी उच्च माध्यमिक शिक्षक प्रभारी प्राचार्य माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर मानपुर को निलंबन के किए जाने पश्चात कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन ने अरनोद कुमार शुक्ला प्रभारी प्राचार्य माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर उमरिया को आगामी आदेश तक अपने कार्य के साथ प्राचार्य माता शबरी शिक्षा परिसर मानपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।



# 3 साल से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत उमरिया 27 फरवरी।** जिले में कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही उमरिया पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी के स्पष्ट निर्देश और सख्त प्रशासनिक रुख का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। तीन वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी को उत्तर प्रदेश के आगरा से गिरफ्तार कर पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि अपराधी चाहे कितनी भी दूर क्यों न भाग जाए कानून की पकड़ से बच पाना संभव नहीं है। थाना पाली के वांछित आरोपी ईश्वर सिंह बीते तीन वर्षों से फरार चल रहा था। उस पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप दर्ज थे। पुलिस के अनुसार आरोपी पहचान छिपाकर पुलिस की नजरों से बचने की कोशिश कर रहा था।

# जनपद अध्यक्ष बने राजू सिंह, जीत के बाद हुए भावुक

14 माह के इंतज़ार बाद करंजिया जनपद को मिला नया नेतृत्व, प्रशासन रहा पूरी तरह सतर्क



**करंजिया, नवभारत 27 फरवरी।** जिले की करंजिया जनपद पंचायत में करीब 14 महीनों से खाली पड़े जनपद अध्यक्ष पद पर आखिरकार शुक्रवार को नया अध्याय जुड़ गया। लंबे इंतजार और सियासी सरगर्मियों के बीच हुए चुनाव में राजू सिंह उद्दे ने शानदार जीत दर्ज करते हुए जनपद अध्यक्ष की कुर्सी अपने नाम कर ली।

परिणाम की घोषणा होते ही परिसर में समर्थकों का उत्साह फूट पड़ा, वहीं जीत का ऐलान सुनते ही राजू सिंह भावुक हो उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम यह चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा था। 14 माह से रिक्त पद पर नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहे जनपद को आज स्थायी अध्यक्ष मिला। चुनाव प्रक्रिया को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

### सामूहिक प्रयास की सफलता : राजू सिंह

राजू सिंह की जीत को भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक एकजुटता का परिणाम माना जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रणनीतिक समन्वय के साथ चुनावी गणित साधा, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। भाजपा खेमे में इस जीत को संगठन की मजबूती और सामूहिक प्रयास की सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

### जनता के विश्वास को जीत

जीत के बाद अपने संक्षिप्त संबोधन में राजू सिंह उदय ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि जनपद के सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता के साथ काम किया जाएगा।

### समर्थकों ने किया स्वागत

परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। जनपद परिसर देर तक नारों, ढोल-नगाड़ों और बधाइयों की गूंज से सराबोर रहा। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें नए अध्यक्ष पर टिकी हैं—उम्मीद है कि यह नया नेतृत्व जनपद में विकास की गति को नई दिशा और नई रफ्तार देगा।



# शारीरिक विकास का माध्यम है खेल : भदौरिया

जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

**डिंडौरी ,नवभारत 27 फरवरी।** बैडमिंटन क्लब डिंडोरी द्वारा जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 26 फरवरी से 1 मार्च तक इनडोर खेल परिसर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर डिंडोरी में किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में जिले के समनापुर, अमरपुर, करंजिया, बजाग, शहपुरा, मेंहदवानी एवं डिंडोरी विकासखंड से कुल 64 खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत सिंगल एवं डबल मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में विजेता खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार 5 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने मैत्री मैच जीता

जिला स्तरीय ओपन प्रतियोगिता का शुभारंभ कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना का भी निर्माण करता है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर के मध्य मैत्री मैच खेला गया, जिसमें कलेक्टर भदौरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। इसके पश्चात खिलाड़ियों के मध्य सिंगल एवं डबल मुकाबले प्रारंभ हुए।

# विद्यार्थियों की उपस्थिति का करें सत्यापन : कलेक्टर

भदौरिया ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में दिए निर्देश

**डिंडौरी, नवभारत 27 फरवरी।** विगत दिवस कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में जिले के समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

बैठक में अवगत कराया गया कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन समय पर निराकृत कर दिए गए हैं, किन्तु संबंधित नोडल कॉलेजों द्वारा समय पर सत्यापन नहीं किए जाने के कारण अनेक विद्यार्थियों को अब तक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त नहीं हो सका है।

**छात्रवृत्ति आवेदनों का परीक्षण करें**-कलेक्टर भदौरिया ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की वास्तविक उपस्थिति का सत्यापन सुनिश्चित करें तथा छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के सभी लंबित आवेदनों का सत्यापन 5 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

**कॉलेज समय सीमा में कार्य करें पूर्ण**-उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहे, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं हो और वे निर्बाध रूप से अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

समीक्षा | समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# छात्रावास भवनों के निर्माण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं



**डिंडौरी, नवभारत 27 फरवरी।** जिले में संचालित जनजातीय कार्य विभाग के निर्माण कार्यों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विगत दिवस कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों, विशेष रूप से सीएम राइज स्कूल के अंतर्गत विद्यालय भवन, महाविद्यालय भवन, धरती आबा अभियान तथा जन-मन योजना से जुड़े कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

### उच्च गुणवत्ता के साथ परियोजनाएं पूरी करें

कलेक्टर ने कार्यवार जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों एवं छात्रावास भवनों का समय पर निर्माण विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा विषय है, इसलिए किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

### जनप्रतिधियों के बिना लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाए

बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा कुछ निर्माण कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों को पूर्व सूचना दिए बिना आयोजित किए गए। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी प्रकार का भूमि-पूजन या लोकार्पण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं पूर्व सूचना के बिना आयोजित नहीं किया जाए।

# अवकाश के दिन में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**नवभारत,जबलपुर।** दस्तावेजों के पंजीयन में जनसामान्य की सुविधा और राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन ने होली के अवकाश को छोड़कर माह मार्च में शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खुले रखने के आदेश दिये हैं।




